आरोग्य मोबाइल वैन से ग्रामीणों का हो रहा नि :शुल्क इलाज

चेतना कार्यालय

घाटमपुर- घाटमपुर तहसील के समुही,असवारमऊ, भटपुरवा गांवों में आज निशुल्क सृजन क्विक हील फाउंडेशन द्वारा ग्रामीणों का निशुल्क इलाज किया गया। असवारमऊ समुही में 100, भटपुरवा में 110 लोगों उचित परामर्श एवं दवाएं वितरित की गई। एवं प्राथमिक विद्यालय समुही भटपुरवा के बच्चों का निशुल्क परीक्षण किया गया। संस्था के फाउंडर प्रभात सक्सैना जी ने बताया की हमारा उद्देश्य है कि कोई भी ग्रामीण एरिया का व्यक्ति प्राथमिक उपचार के लिए नहीं जूझना चाहिए। इस मौके पर शरद तिवारी, प्रियंका तिवारी, डाक्टर ओपी गुप्ता,आयुष प्रजापति,सुरजन सिंह,प्रधान समुही, प्रधान असवारमऊ महावीर निषाद, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपेश प्रजापति, हिमांशु प्रजापति, सृजन एक सोच से ओम प्रजापति, सृजन आरोग्य यान पायलट धर्मेन्द्र आदि लोग, मौजूद रहे।